# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा. / 04 दिनांक : 26 अक्तूबर, 2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह उद्घाटन**



भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया।

**इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "स्वतंत्र भारत @ 75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" है. और** दि. 26 अक्तूबर से 01 नवंबर, 2021 बीडीएल में तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने हैदराबाद, भानूर और विशाखापट्टणम में स्थित उत्पादन इकाएयों के कर्मचारियों को ऑनलाइन माध्यम से "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" दिलाई इसके साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन हुआ।

बीडीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ उपेन्दर वेन्नम, आई पी ओ एस, निदेशक (तकनीकी) श्री एन पी दिवाकर, निदेशक (वित्त) श्री एन श्रीनिवासुलू तथा कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2021 के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के संदेशों का वाचन दिया गया।

सप्ताह समारोह के दौरान सतर्कता जागरूकता लाने के उद्देश्य से कंपनी के कर्मचारियों के लिए तथा उनके पति/पत्नी व डीएवी बीडीएल, भानूर के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन / ऑफ लाइन के माध्यम से वाक्, स्लोगन लेखन, पोस्टर / कॉलेज मेकिंग और प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस सप्ताह के दौरान पीआईडीपीआई (जन हित प्रकटीकरण एवं सूचनाप्रदाता की सुरक्षा) के अंतर्गत प्रावधानों से संबंधित कार्यशालाएँ / संवेदनशील कार्यक्रम के आयोजन की योजना बनायी।

इस सप्ताह के दौरान कंपनी के विक्रेताओं में जागरूकता बनाये रखने ऑनलाइन वेंडर मीट आयोजित की जाएगी।

तेलंगाना के संगारेड्डी जिलें की भानूर गाँव में ग्राम पंचायतों पर भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव पर जागरूकता लाने ग्राम सभा आयोजित की जा रही है।

इस सप्ताह के दौरान समाज के सभी स्तरों पर सतर्कता जागरूकता बनाये रखने कंचनबाग इकाई. बीडीएल में वॉकथान आयोजित किया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर “Emerging Technology and Data Security” विषय पर प्रो. (डॉ) एस रामचंद्रम, उप कुलपति, अनुराग विश्वविद्यालय और भूतपूर्व उप कुलपति, उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया।

-----XXX-----